ADFACTORS PR
Knowledge-driven communications

Published Date:	8 Sep 2018	Publication:	Sanmarg (Hindi)
Edition:	Bhubaneshwar	Page No:	6
MAV/CCM:	44413/19.31	Circulation:	16000

टीसीएस आईटी क्विज का भुवनेश्वर संस्करण, चिरंजीवी व देवांश बने विजेता

भुवनेश्वर : टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेज की ओर से अंतर विश्वविद्यालय क्विज-टीसीएस आईटी क्विज का शुक्रवार को यहां के जयदेव विहार स्थित पाल हाईट्स में आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में राजधानी के 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। टीसीएस आईटी क्विज में हिस्सा लेने के लिए पुरी, कटक, पारादीप, राउरकेला, झारसुगुड़ा, दामनजोड़, जाजपुर, गंजाम व जमशेदपुर जैसे बाहर के स्थानों के विद्यालयों की टीम भुवनेश्वर पहुंची थी। इसमें कोई प्रवेश शुल्क नहीं था। क्षेत्रीय फाइनल में पांच चरणों को पार करने के बाद बेलपहाड़ अंग्रेजी विद्यालय के चिरंजीवी प्रधान व वेदांश प्रधान विजेता बने। क्षेत्रीय फाइनल विजेताओं को 60,000 रुपये का गिफ्ट वाउचर प्रदान किया गया जबकि उपविजेता साइ इंटरनेशनल विद्यालय पटिया के स्वस्तिक दास व प्रियांशु मिश्र को 40,000 रुपये का गिफ्ट दिया गया। इस मौके पर साफ्टवेयर टेक्नोलाजी पार्क आफ इंडिया, भुवनेश्वर के मानस रंजन पंडा, टीसीएस सेंटर के ओडिशा प्रमुख मनोज पंडा व टैलेंट डेवलपमेंट-टीसीएस ग्लोबल हेड व उपाध्यक्ष दामोदर पाढ़ी ने अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर विजेताओं तथा उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।